हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 23 मई, 2025


11 ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा


12 नशे के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा: बाबा ब्रह्मदास

# दो करोड़ यूनिट तक बढ़ी बिजली की खपत, रात को तीन बार ओवरलोड हुआ पावर हाऊस


## ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए कर्मचारियों को अनेक बार लगाने पड़े बिजली कट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली की लाइनों पर भी लोड बढ़ना शुरू हो गया है। यही कारण रहा कि बुधवार रात को शहरी पॉवर हाऊस तीन बार ओवरलोड हुआ। पावर हाऊस में ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए कर्मचारियों को अनेक बार बिजली कट लगाने पड़े। लोड के चलते प्रतिदिन अघोषित कट लगाना निगम की मजबूरी हो गई है, जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान से जिले में बिजली की मांग बढने लगी है। इन दिनों निगम के पास फ्रिक्वेंसी का लेवल 50.12 तक पहुंच गया है, जोकि 48 के नीचे आते ही बिजली के कट लगने शुरू हो जाते हैं।

### बढ़ती बिजली की डिमांड से अधिकारियों में चिंता

बता दें कि जिला में करीब 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि पर धान की खेती होती है। धान की बिजाई 15 जून से शुरू होनी है। धान की फसल में पानी की अधिक आवश्यकता होती है और नहरों में पानी की कमी के चलते किसान ट्यूबवेलों पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। ऐसे में बिजली की मांग ओर बढ़ेगी और बिजली के कट लगेंगे। इस बार तापमान अप्रैल में ही बढने से निगम के अधिकारियों को चिंता सताने लगी है कि जून में इसकी भरपाई कैसे होगी। मानसून आने में अभी डेढ माह का समय पड़ा है, अभी से बिजली की मांग बढने से निगम को व्यवस्था बनाए रखना एक टेढी खीर साबित हो रहा है। बिजली निगम के फतेहाबाद सर्कल में फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना, भट्टू, जाखल पड़ते हैं। इन क्षेत्रों में फतेहाबाद, टोहाना व रतिया में धान की खेती अधिक होती है। यहां पर फरवरी मास में 10 करोड़ 48 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई जोकि मार्च में बढकर 12 करोड़ 85 लाख यूनिट तक पहुंच गई। अप्रैल में यह खपत 5 करोड़ 94 लाख यूनिट तक पहुंच गई। मई में यह आंकड़ा सवा 6 करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। कटौती के बावजूद बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। जून में धान के सीजन के बाद डिमांड कितनी बढ़ेगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



फतेहाबाद। बिजली घर में फ्रिक्वेंसी दिखाता मीटर व भट्टू रोड पर स्थित 132 केवी सब स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

### प्रतिदिन 45 यूनिट बिजली की डिमांड

फतेहाबाद में पानीपत थर्मल से वाया नरवाना बिजली की आपूर्ति होती है। तापमान में जब बिजली की डिमांड बढ़ती है तो इसका सीधा असर लाइन पर पड़ता है। लाइन पर बोझ पड़ते ही फ्रिक्वेंसी का स्तर डाऊन आ जाता है। इन दिनों अप्रैल महीने की बात करे तो फरवरी से करीब 2 करोड़ यूनिट ज्यादा की मांग चल रही है। मार्च मास में प्रतिदिन 29 लाख से 40 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड थी जोकि अप्रैल में बढकर 35 लाख से 52 लाख तक यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच गई। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के कारण बिजली की डिमांड में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। मई में कटौती के बावजूद 45 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड आ रही है।

### 33 केवी की क्षमता बढ़ाई, 132 केवी पर नहीं दिया कोई ध्यान

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के फतेहाबाद सर्कल में इस समय 33 केवी के 60 से ज्यादा सब स्टेशन है। 132 केवी के 11 सब स्टेशन चल रहे है। बड़ी बात यह है कि यहां पर 33 केवी पर लोड बढ़ा तो निगम ने यहां 10 एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 20 एमवीए कर दी। ऐसे ही अनेक 33 केवी सब स्टेशनों पर क्षमता बढ़ाई गई है। 132 केवी की क्षमता बढ़ाने पर अभी कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण यह कहा जा सकता है कि लोड बढने पर यहां बड़ा फाल्ट भी आ सकता है।

### बिजली उपकरणों का आवश्यकतानुसार ही प्रयोग करे

बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने भी एक एडवाइजरी जारी की है। निगम ने उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि वह रात में सभी बिजली उपकरण एक साथ उपयोग न करें। जैसे कि जब ए.सी. चल रहा हो तो पंखा या कूलर बंद कर दें और प्रेस चालू ना करें। अन्य अनुपयोगी बिजली उपकरणों को भी बंद कर दें। इससे ऊर्जा बचत भी होगी तथा वोल्टेज ड्रॉप भी नहीं होगा। ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड नहीं होगा और फ्यूज भी नहीं उड़ेंगे और लोगों को रात को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। निगम के अनुसार जब एक बार बिजली जाती है तो उपभोक्ता अपने ए.सी., कूलर आदि को बंद कर दे और बिजली चालू होने के बाद इन्हें कम से कम 5 मिनट के बाद दोबारा चालू करे। इससे बिजली उपकरणों की सुरक्षा होगी साथ में ट्रांसफार्मर के फ्यूज भी नहीं उड़ेंगे और बिजली सुचारु रूप से चलती रहेगी।

**-संदीप मेहता**, एक्सईन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद

## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से मां-बेटी सहित चार घायल

**फतेहाबाद।** जीटी रोड स्थित लालबत्ती चौक के पास एक स्कूटी सवार ने दो अन्य स्कूटी सवारों को टक्कर मार कर चोटिल कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने स्कूटी पर सवार एक युवक को पकड़ लिया और उसे लालबत्ती चौक पर बनी पुलिस पोस्ट पर मौजूद पुलिसकर्मियों के हवाले कर दिया। यहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

### चूरापोस्त सहित एक युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अमरजीत सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी अजीतनगर के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी ने बताया कि नागपुर पुलिस चौकी की टीम चौकी प्रभारी एसआई गुरपाल के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई

### शिविर में 139 मरीजों की हुई जांच

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय में वीरवार को नेत्र जांच शिविर लगाया गया। सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर में 139 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से आठ मरीजों को सर्जरी के लिए चयनित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी और उनकी टीम ने मरीजों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गई।

### ऑयल एंड फ्लोर मिल से नकदी व सामान चोरी

**सिरसा।** रानियां से जीवननगर रोड पर स्थित एक ऑयल एंड फ्लोर मिल से चोर 4 हजार रुपए की नकदी सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 6, रानियां निवासी तरसेम शर्मा ने बताया कि वह जीवननगर रोड पर कुशल ऑयल एंड फ्लोर मिल चलाता है। बीती 21 मई शाम को वह मिल बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने दुकान से सामान चोरी कर लिया।

## 14 पार्षदों ने दिया था नोटिस, बैठक में पहुंचे 11 पार्षद

# रतिया नपा प्रधान व उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

### सीएम से मिले थे पंचनद के सदस्य, सीएम ने कहा था: सब ठीक होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

रतिया नगर पालिका प्रधान प्रीति खन्ना व उप प्रधान जोगिंदर नंदा के खिलाफ विपक्षी पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव वीरवार को गिर गया। फतेहाबाद के लघु सचिवालय में एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रधान को हटाने के लिए 14 और उपप्रधान के लिए 12 पार्षदों का पहुंचना जरूरी था। दोपहर 3 बजे मीटिंग का समय होने के कारण 3.30 बजे तक सभी पार्षदों के आने का इंतजार किया गया लेकिन बैठक में 11 पार्षद ही पहुंचे जिस कारण अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। इस बैठक को लेकर शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस बल लघु सचिवालय में तैनात रहा। बता दें कि रतिया नगर पालिका में प्रधान प्रीति खन्ना के अतिरिक्त 17 पार्षद है। पिछले कुछ समय से नगर पालिका रतिया में प्रधान प्रीति खन्ना, उप प्रधान जोगिंदर नंदा और पार्षदों के बीच आपसी खींचतान चल रही है। दोनों पक्षों की आपसी खींचतान के चलते ही नगर पालिका में बजट पास करने को लेकर भी कई बार हंगामा हो चुका है। विपक्षी पार्षदों ने बजट बैठक का विरोध किया है बल्कि प्रधान पक्ष के पास बहुमत न होने के चलते पांच बार बैठक होने के बावजूद भी नगर पालिका का बजट अटका पड़ा है। दोनों पक्षों की खींचतान के चलते इसी वर्ष 4 मार्च को नगर पालिका के 17 में से 14 कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका प्रधान प्रीति खन्ना व उप प्रधान जोगिंदर नंदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए उपायुक्त से मिलने फतेहाबाद पहुंचे थे। अविश्वास प्रस्ताव पेश करने पहुंचे पार्षदों में गुरप्रीत गोपी, विजय गर्ग, अजमेर सिंह, गौरव शर्मा, अजय गुप्ता, सतपाल सिंह, रेखा रानी, वीरपाल कौर, नीरू बाला, पिंकी, गुरविंदर सिंह, धीरज कुमार, सुमन रानी, हैप्पी सहित 14 पार्षद शामिल थे। इन पार्षदों ने कहा था कि नगर पालिका प्रधान अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में असमर्थ हैं और वह नगर पालिका में अपना विश्वास खो चुकी हैं इसलिए सभी पार्षद दोनों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं। उसके बाद विरोधी पार्षदों ने दो बार फतेहाबाद डीसी से मिलने की कोशिश की लेकिन उपायुक्त ने पार्षदों को समय नहीं दिया।



फतेहाबाद। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हुई बैठक में मौजूद अधिकारी व पार्षद व अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सीएम से मुलाकात करते पंचनद के सदस्य।

### अविश्वास प्रस्ताव से एक दिन पहले मिले थे सीएम से

नगर पालिका प्रधान प्रीति खन्ना के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से एक दिन पूर्व बुधवार को इस मामले में पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने चण्डीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की थी। इस प्रतिनिधिमंडल ने रतिया नगर पालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना का पक्ष रखा। बताया जाता है कि सीएम ने उन्हें आश्वास्त किया था कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।

### बहुमत न होने के कारण नहीं हुई वोटिंग

बैठक के लिए प्रधान के खिलाफ 14 और उपप्रधान के लिए 12 पार्षद होने अनिवार्य थे.. बैठक मे 11 पार्षद हीं पहुंचे इस लिए प्रस्ताव ख़ारिज कर दिया गया है.. विश्वास के लिए पर्याप्त बहुमत न होने के कारण वोटिंग नहीं करवाई जय सकती। *-अनुराग ढालिया, एडीसी, फतेहाबाद*

### हाईकोर्ट पहुंची प्रधान, 20 को होगी सुनवाई

इस अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ नगर पालिका की प्रधान प्रीति खन्ना ने हाई कोर्ट की शरण लेते हुए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि प्रदेश सरकार के आदेशों के तहत पहली बार नगर पालिका प्रधान का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से न होकर प्रत्यक्ष रूप से हुआ था तथा प्रत्यक्ष रूप से सीधा जनता ने चुना था ना कि पार्षदों ने। इसलिए पार्षदों द्वारा उनके खिलाफ लाया गया विश्वास प्रस्ताव तर्क संगत नहीं है इसलिए इस विश्वास प्रस्ताव को खारिज किया जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने प्रधान का पक्ष सुनने के बाद प्रदेश सरकार को 20 अगस्त तक इस मामले में जवाब देने का नोटिस जारी किया हुआ है।

# रेलवे भारत की एकता का प्रतीक: राज्यपाल


सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो: हरिभूमि

- मंडी डबवाली पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित मंडी डबवाली रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया। बीकानेर, राजस्थान से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। मंडी डबवाली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास पर लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस अवसर पर मंडी डबवाली में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मंडी डबवाली रेलवे स्टेशन का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक डबवाली आदित्य देवीलाल, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टार, एसडीएम अर्पित संगल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, नोर्थ वेस्टर्न रेलवे के एजीएम अशोक माहेश्वरी, सहित गणमान्य मौजूद रहे।

### किया आह्वान

राज्यपाल ने भारतीय रेलवे को देश की एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ती है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से आह्वान किया कि वे वर्ष में एक बार रेलवे के माध्यम से ऐतिहासिक और धार्मिक स्थानों की यात्रा अवश्य करें। राज्यपाल ने कहा कि 103 स्टेशनों के पुनर्विकास का लोकार्पण एक ऐतिहासिक क्षण है।

### उपस्थिति को लेकर चर्चा में रहा महामहिम का कार्यक्रम

**सुभाष सेठी ⏭ डबवाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए व हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की गरिमामय उपस्थिति में डबवाली में अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने का कार्यक्रम कई मायनों में चर्चा में रहा। आयोजन में लोगों की कम संख्या में भागेदारी व कार्यक्रम स्थल के पंडाल में लगी ज्यादातर खाली पड़ी कुर्सियां इस बात को इंगित कर रही थी या तो आयोजकों ने लोगों को सही ढंग से आंमत्रित नहीं किया या फिर किसी अन्य कारण से लोग इस आयोजन से जुड़ नहीं पाएं। वैसे इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन के इंतजामों पर भी सवाल खड़े हुए। रेलवे ब्रिज के आसपास की दुकानों को पुलिस ने राज्यपाल के दौरे को लेकर बंद रखने की हिदायत दी जिसका दुकानदारों ने डटकर विरोध किया।

# डॉ. ध्रुव ने नीट में हासिल किया 16वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


डॉ. धुरव बंसल।

शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय बंसल के पुत्र डॉ ध्रुव बंसल ने नीट एसएस में अखिल भारतीय 16वा रैंक हासिल कर एक इतिहास रच दिया। डॉ. ध्रुव बंसल ने इस उपलब्धि से जहां अपने मां-बाप, शहर, जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर एक नया मुकाम हासिल किया वहीं देश के प्रतिष्ठित व प्रमुख संस्थान जीबी पंत मेडिकल दिल्ली में डीएम गैस्ट्रो एंटरोलॉजी विभाग में शामिल हुआ। बता दें कि डॉ. ध्रुव बंसल ने सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी के तहत अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। वह मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर देश के प्रसिद्ध मेडिकल कॉलेज लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमडी मेडिसन की डिग्री हासिल की। डॉ. संजय बंसल ने बताया कि अगर किसी को पेट से संबंधित कोई भी तकलीफ हो तो वो निसंकोच सम्पर्क कर सकता है, उसका इलाज जीबी पंत में बिलकुल फ्री करवाने में मदद की जाएगी। डॉ. ध्रुव के इस गोल्डन सफर व उज्ज्वल भविष्य के लिए डॉ संजय बंसल व उनके परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा।

# छात्रा की मौत के मामले में आया नया मोड़

- परिजनों ने लगाया हत्या व रेप का आरोप ग्रामीण पहुंचे एसपी से मिलने, ग्रामीण और पुलिस के बीच हुई धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव भावदीन में एक छात्रा की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने हत्या व रेप का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। वीरवार को परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण एसपी से मिलने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच काफी धक्का-मुक्की भी हुई। ग्रामीणों ने पुलिस की जांच पर भी सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार गांव भावदीन से सैकड़ों महिलाएं व पुरुष एसपी कार्यालय पहुंचे। वे एसपी से मिलने आए थे, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों को गेट पर ही रोक लिया। इस वजह से ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों के बीच कहासुनी भी हुई। मृतका के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया है। छात्रा को गांव का लड़का अभय उसे अस्पताल लेकर गया। अभय ने बताया कि उनकी बेटी को सिरसा बस स्टैंड के नजदीक अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर भाग गया था। पुलिस की जांच में पता चला कि एक्सीडेंट सिरसा में नहीं बल्कि रानियां थाना क्षेत्र में हुआ है। अब उन्हें शक है कि उनकी बेटी का एक्सीडेंट नहीं हुआ था बल्कि आरोपी ने उसके साथ रेप करके उसकी हत्या की है।


सिरसा। एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

# मानसून को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

- बाढ़ बचाओ प्रबंधों को समय रहते पुख्ता रखे अधिकारी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने आगामी मानसून एवं सम्भावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कनाल विश्राम गृह चान्दपुरा में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी आवश्यक प्रबंधों को समय रहते पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ घग्घर व रंगोई नाला का मौके पर निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी मानसून एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों को समय पूरा कर लिया जाए। सभी बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों में पप्प सेट व खाली कट्टों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जन स्वास्थ्य विभाग सभी मौजूद जल स्त्रोतों का निरीक्षण करें तथा उनके बाढ़ प्रभावित होने से रोकने हेतु आवश्यक प्रबंध करवाएं। सभी गांवों में पीने के स्वच्छ पानी की आपूर्ति हेतु पर्याप्त मात्रा में दवाइयों तथा टेस्टिंग किट का प्रबन्ध रखें। बिजली विभाग जल-निकासी हेतु बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।


टोहाना। घग्घर व रंगोई नाले का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

## समाधान शिविर में पहुंची शिकायत, जल्द निपटान के निर्देश

# जोहड़ की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

- समाधान शिविर लगाने का मकसद आम नागरिकों को न्याय दिलवाना : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की और और उन्हें संबंधित विभाग को सौपते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि सरकार का समाधान शिविर लगाने का मकसद आम नागरिकों को न्याय दिलवाना है। समाधान शिविर में गांव ढाबी कलां निवासी सतबीर ने उनके पुत्र को डराने धमकाने बारे, भूना निवासी अशोक कुमार द्वारा बकाया राशि ना देने बारे, फतेहाबाद निवासी करण सिंह ने पानी की पाइप लाइन के कार्य को रूकवाने बारे, फतेहाबाद निवासी शिव कुमार ने पीपीपी ठीक करवाने बारे, फतेहाबाद निवासी शमशेर सिंह ने फसल का मुआवजा दिलवाने बारे, भीमा बस्ती निवासी अमित कुमार ने हाउस टैक्स ठीक करवाने बारे, फव्वारा चौक ठाकुर बस्ती निवासी जसबीर सिंह गली के बीच में लगे बिजली के पोल हटवाने बारे, फतेहाबाद निवासी कृष्ण मुरारी ने पीने के पानी बारे, झलनिया निवासी रोशन देवी ने दीन दयालु योजना के तहत सहायता राशि दिलवाने बारे, फतेहाबाद निवासी शमशेर सिंह ने बीच सडक़ पर खड़े पेड़ को हटवाने बारे, डीसी कालोनी निवासी राजपाल ने पीपीपी में डाटा ठीक करवाने बारे, भट्टू कलां समाज सेवी ने जोहड़ की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने बारे आदि लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।


फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगराधीश गौरव गुप्ता, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी ख्याल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।



**सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा**

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारें और स्किल को बढ़ाएं। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाती है। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग-अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी भी हैं। टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए, समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।



बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

**पेलिकन की प्रजातियां**

पेलिकन की कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी ग्रे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

## चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

## बूझो तो जानें





1
गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2
खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3
कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडिशनर

## जीके क्विज-155



1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी
डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होती। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'


आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ बादल के पीछे से सूर्य निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के हाथ के नीचे झूले का स्ट्रिंग अलग रंग का है। 3.लड़की हंस नहीं रही है, उसका मुंह बंद है। 4.लड़की के स्कर्ट का निचला बायां हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 5.झूले की सीट में दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ ऊपर झूले की स्ट्रिंग का पैटर्न अलग तरह का है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *



***किताब:** बांसुरी बजाने वाला खरगोश, **लेखिका:** क्षमा शर्मा, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*

## खबर संक्षेप

### गांव भंभूर में अध्यापक के साथ मारपीट

**सिरसा।** जिला के गांव भंभूर में एक प्राइवेट स्कूल अध्यापक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्कूल प्रिंसीपल की शिकायत पर छात्र सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्कूल प्रिंसिपल अरूणा कुमारी ने बताया कि भंभूर निवासी पवन कुमार का पुत्र उनके स्कूल में नौंवी कक्षा का छात्र है। वह अजीबोगरीब कटिंग करवाकर स्कूल आया तो स्कूल टीचर सुनील कुमार ने उसे टोका। आरोपियों ने स्कूल के प्रथम तल पर क्लास रूम में जाकर टीचर सुनील कुमार के साथ मारपीट की।

### एक लाख की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के नाम पर रतिया के युवक से एक लाख रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को यूपी से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहित पुत्र गोकुल चंद निवासी गणेशपुरी, मेरठ, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है।

### बच्चों को सिखाया ठंडे पेय पदार्थ बनाना

**सिरसा।** द सिरसा स्कूल के जूनियर विंग में वीरवार को बेवरेज डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न ठंडे पेय पदार्थ बनाना सिखाया गया, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में स्वस्थ और स्वादिष्ट विकल्पों की जानकारी मिली। कार्यक्रम की शुरुआत हेड मिस्ट्रेस कंवलजीत कौर विर्कऔर प्रधानाचार्या मनीषा गोदारा की प्रेरणादायक उपस्थिति में हुई।

### 65 हजार की ठगी का आरोपी बीकानेर से दबोचा

**सिरसा।** साइबर थाना पुलिस ने टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव फग्गू निवासी एक व्यक्ति से 65 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में संलिप्त एक युवक को बीकानेर राजस्थान से काबू कर किया है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रामकिशन पुत्र नरसी राम निवासी गांव सलुंडिया तहसील नोखा बीकानेर राजस्थान के रूप में हुई है।

### बिजली कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**टोहाना।** ऑपरेशन सिंदुर की सफलता के बाद बिजली निगम के कर्मियों ने मानव सेवा संगम ब्लड सेंटर में पहुंचकर रक्तदान कैंप लगाया है। इस कैंप में एसडीओ धर्मवीर सहित 28 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है। रक्तदान शिविर में आने वाले सभी रक्तदानियों को प्रधान सतपाल नन्हेडी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा बताया कि रक्त को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए प्रयोग में लाया जाएगा।

### पक्षियों के लिए लगाए पानी के सकोरे

**ओढां।** गर्मियों के मौसम में श्री सालासर यात्रा संघ ओढ़ां की ओर से पक्षियों के लिए वृक्षों पर पानी के सकोरे लगाने का कार्य किया गया। श्री दुर्गा मंदिर कमेटी व दुर्गा भजन मंडल के सहयोग से संघ की ओर से गांव में स्थित श्री दुर्गा मंदिर, स्कूल, अस्पताल, शनिदेव मंदिर और कालांवाली रोड सहित कई स्थानों पर पानी के सकोरे लगाए गए। इस अवसर पर श्री सालासर यात्रा संघ के प्रधान मास्टर हरिराम गोयल, दुर्गा मंदिर के पुजारी देव शर्मा, प्रधान रामपाल सिंगला आदि मौजूद रहे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन

**ओढां।** गांव बनवाला के आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत महिला विकास विभाग की वैन गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में पहुंची जोकि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनवाला में स्थित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की महिला सरपंच मंजू देवी ने की। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या जैसी भंयकर बीमारी जो समाज के लिए कलंक है विषय पर जागरुक किया गया।

## भारतीय सेना ने दो दिन में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया : बबली

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर टोहाना ग्रामीण मंडल में निकाली तिरंगा यात्रा

यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। टोहाना

भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपलक्ष्य में भारत के वीर सैनिकों के शौर्य, पराक्रम व जजबे को सलाम करने के लिए गुरूवार को भाजपा ग्रामीण मंडल टोहाना द्वारा गांव समैण में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने भी भाग लिया। पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली की अगुवाई में निकाली गई इस यात्रा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आया। भारी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगे थामकर इस यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रवीण गिल समैण ने की।



टोहाना। पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली की अगुवाई में समैण में तिरंगा यात्रा निकालते कार्यकर्ता।


भूना। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर डूल्ट में निकाली गई तिरंगा यात्रा।

### पूरे विश्व को दिखाया शौर्य

उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने पूरे विश्व को अपना शौर्य दिखाते हुए ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के गढ़ को एयर स्ट्राईक से कुछ ही मिनटों में जमींदोज करके भारी संख्या में आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। ऑपरेशन सिन्दूर की इस सफलता से पूरे देश में सेनाओं के प्रति मान-सम्मान व गौरव और अधिक बढ़ गया है। देशभर की जनता तिरंगा यात्रा निकालकर सेनाओं को सम्मान दे रही है और उनकी बहादुरी को सलाम कर रही है। भारतीय सेना हर मोर्चे पर दुश्मन देश को मुंह तोड़ जबाव देने को तैयार है। यह बात भारत की सेना ने पूरे विश्व को साबित करके दिखाया है। दो दिन के संघर्ष में ही भारत ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर युद्ध विराम के लिए मजबूर कर दिया। केन्द्र सरकार ने साफ किया है कि पाकिस्तान से अब पीओके व आतंकवाद के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं की जाएगी। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, भाजपा नेता महेश शर्मा, जंगजीत हुड्डा, विकास ललौदा,

### गांव डूल्ट में भी निकाली तिरंगा यात्रा

**भूना।** ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता को समर्पित तिरंगा यात्रा डूल्ट गांव में निकाली गई। यह यात्रा सनियाना मंडल के अध्यक्ष विनोद खीचड़ टिब्बी की अगुवाई में हुई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा और संजय रेवड़ी मुख्य अतिथि रहे। मंच संचालन डॉ. मदन लाल ने किया। यात्रा के दौरान राष्ट्रवादी नारों से पूरा गांव गूंज उठा। हर गली, चौराहे और मोड़ पर देशभक्ति का माहौल दिखा। नागरिक तिरंगे के रंगों में रंगे नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साह से भागीदारी की। इस यात्रा की खास बात रही कि इसमें केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, शिक्षकाएं, छात्र-छात्राएं और समाज के प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हुए। नाढोड़ी के पूर्व चेयरमैन आत्माराम भांभू, बोस्ती के सरपंच सुखा कंबोज, नंबरदार हरजिंदर सिंह, जिले सिंह, डूल्ट सरपंच प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह, टिब्बी के पूर्व सरपंच विनोद कुमार, अनिल सिहाग, कृष्ण कुमार और मक्खन लाल ने भी भाग लिया।

पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्पबद्ध होकर देश व देश की सेना को सशक्त बनाने का काम किया है। पीएम ने भारतीय सेनाओं को आतंकवाद के खात्मे के लिए खुली छूट दी। पहलगाम के कायरानापूर्ण आतंकवादी हमले का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को खुली चेतावनी दी। पाकिस्तान से हर नाते को तोड़ कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे देशभक्त व प्रखर प्रधानमंत्री होने का प्रमाण दिया।

## भाखड़ा नहर में गिरे गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला

- रेस्क्यू टीम ने उल्लेखनीय साहस और सेवाभाव का परिचय दिया

**टोहाना।** भाखड़ा नहर में बहते हुए एक गोवंश की जान उस समय संकट में पड़ गई जब वह बलियाला हेड क्षेत्र के पास पानी के तेज बहाव में फंस गया। नहर के तेज प्रवाह में फंसे इस बेजुबान को बचाने के लिए सहारा रेस्क्यू टीम ने उल्लेखनीय साहस और सेवाभाव का परिचय दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, गोवंश कई मिनटों तक पानी में फंसा रहा और पानी की धार उसे लगातार धकेलती रही। जैसे ही वह बहकर आगे की ओर निकला, तो मौके पर मौजूद सहारा रेस्क्यू टीम के सेवादारों और अन्य राहगीरों ने उसे


टोहाना। गोवंश को बचाने के लिए नहर में उतरे सहारा रेस्क्यू टीम के सदस्य।

बचाने का प्रयास किया। हालांकि नहर के किनारे लगी लोहे की ग्रिल के कारण उसे बाहर निकालना संभव नहीं हो पाया। टीम ने हार नहीं मानी और लगातार 1 किलोमीटर तक नहर के किनारे-किनारे उसका पीछा किया। आखिरकार एक जगह जहां ग्रिल टूटी हुई थी, वहां से सभी सेवादारों ने मिलकर अथक प्रयास करते हुए गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## ताज मोहम्मद के वकील को सोशल मीडिया पर धमकी

- एसपी से मिले वकील, लायक राम गढ़वाल, धनंजय व सज्जन गोदारा के खिलाफ दी शिकायत

**फतेहाबाद।** देश द्रोह के आरोप से घिरे मुश्ताक अहमद उर्फ ताज मोहम्मद की अदालत में पैरवी कर रहे एडवोकेट विनय शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित धमकी भरे संदेश लिखने व आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के मामले में वकीलों ने आज पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से मुलाकात की और कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर शिकायतकर्ता एडवोकेट विनय शर्मा के साथ जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दिनेश गेरा, पूर्व प्रधान देवी लाल, पूर्व प्रधान नरेश सोनी, सुमित सींवर, बार सचिव पुनीत भुटानी, सुनील धारनियां सहित अनेक वकील मौजूद रहे। विनय शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उनके मामले को उप-पुलिस अधीक्षक को सौंपा है और वकीलों को विश्वास दिलाया है कि इस मामले में जो भी कानूनी कार्रवाई होगी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज दीपक सोनी व सीए ललित जग्गा को भी शिकायत में शामिल किया है। उन्होंने इससे पहले शहर थाना में लायक राम गढ़वाल, धनंजय व सज्जन गोदारा आदि के खिलाफ शिकायत दी थी। उल्लेखनीय है कि विनय शर्मा दो बार जिला बार एसोसिएशन के प्रधान रह चुके हैं।

### नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## भूना पुलिस ने गांजा सहित एक युवक को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

- पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

नशामुक्त अभियान के तहत भूना पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान जग्गा पुत्र पाला राम निवासी वार्ड नं. 4 भूना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई चिमन लाल के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भूना बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली जग्गा पुत्र पाला राम निवासी वार्ड नं. 4 भूना, बिजली घर के पास गांजा लिए खड़ा है और उसे बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बिजली घर की दीवार के पास खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जग्गा बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना भूना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### रमेश मेहरा बने भवन निर्माण श्रमिक संघ जिला इकाई के अध्यक्ष

**चोपटा।** भवन निर्माण श्रमिक संघ हरियाणा जिला सिरसा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विनोद खेड़ा ने की । बैठक में मंच का संचालन संदीप खेड़ा ने किया मुख्य अतिथि के तौर पर बीएमसी देवीलाल, रवि कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहतास ग्रोवर, प्रदेश सचिव मोमिन, गोवर्धन, जीवन सिंह, चरणजीत वर्मा ने शिरकत की। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन किया गया जिसमें रमेश मेहरा को अध्यक्ष, नौरंग रंधावा, राकेश खराती, शैलजा देवी रामकुमार को उपाध्यक्ष, विजय गोस्वामी को जिला सचिव, रामनिवास, विकास नारायण खेड़ा को सह सचिव, रमेश नहराणा को कोषाध्यक्ष, सरला देवी को सह कोषाध्यक्ष, रोशनी देवी को संगठन सचिव बनाया गया।

## बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का दिया संदेश

- पतली डाबर व नाथूसरी कला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चोपटा

महिला एवं बाल विकास विभाग सिरसा द्वारा कन्या भूरण हत्या रोकने व लिंग अनुपात में सुधार करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत सुपरवाइजर प्रोमिला भुक्कल द्वारा पतली डाबर व नाथूसरी कला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच लखविंद्र सिंह, अध्यापक दिलबाग सिंह, अध्यापिका भानु, मोनिका ने विशेष तौर पर शिरकत की। सुपरवाइजर प्रोमिला भुक्कल ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से लिगानुपात में सुधार लाने के उद्देश्य से लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस समय मोबाइल वैन के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढाओं के साथ-2 बेटी अपनाओं के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 2015 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास विभाग सिरसा समय-2 पर लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के तहत जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है।


सिरसा। गांव पतली डाबर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जयवीर बने विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान

**सिरसा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खारियां में विद्यालय प्रबंधन समिति की आम सभा व पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यापक लखविंद्र सिंह रतन ने बताया कि कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य सदीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एबीआरसी शैलजा असीजा ने आए हुए सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का उद्देश्य सभी को मिलकर विद्यालय की समस्याओं को पहचान कर सुधार करना है। प्राचार्य सदीव सिंह ने विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्व, संरचना, कार्यकाल व अपेक्षाओं को मंच से सांझा किया। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करते हुए जयवीर सिंह को प्रधान, मंजू को उपप्रधान व अन्य सदस्यों को चुना गया।

## धांगड़ विद्यालय की मैरिट हासिल करने पर 16 छात्राओं को किया सम्मानित



**फतेहाबाद।** गांव धांगड़ स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में दसवीं कक्षा के शानदार परिणाम के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दसवीं की वार्षिक परीक्षा में स्कूल की छात्राओं ने 16 मैरिट हासिल कर स्कूल एवं धांगड़ गांव का नाम रोशन किया है। इसके अलावा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धांगड़ का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा और लगभग सभी छात्राओं ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। सम्मान समारोह में स्कूल के डीडीओ अशोक कुमार, स्कूल इंचार्ज रीत मक्कड़ व स्कूल स्टाफ ने दसवीं की छात्राओं को बधाई देते हुए फूलों के हार पहनाकर सम्मानित किया।

## भूना जलघर में लगाए गए पौधे

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भूना

शहर के हिसार रोड स्थित नए जलघर परिसर में गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें श्रीराम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया। दोनों स्थानों को पौधारोपण के लिए उपयुक्त पाया गया। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन ने अभियान में अहम भूमिका निभाई। जिला सलाहकार शर्माचंद लाली, विकास कुमार, कनिष्ठ अभियंता अजमेर सिंह, राकेश कुमार, खंड संयोजक शमशेर सिंह और निक्की गोयल मौजूद रहे। सभी अमृत मित्र महिलाओं को विभाग की ओर से बैग, वाटर बॉटल, डायरी और पेन उपहार स्वरूप दिए गए। पौधारोपण कर हरित क्षेत्र बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र में पेड़ों की भूमिका को लेकर जागरूकता फैलाई गई। स्वयं सहायता समूहों और विभागीय अधिकारियों की सहभागिता से सामुदायिक सहयोग को बल मिला।


भूना। जलघर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते अधिकारी।

## लाखों की ठगी के मामले दुसरे आरोपी का किया गिरफ्तार

- एयर टिकट बुकिंग के नाम पर लूटे थे 1 लाख 37 हजार

**फतेहाबाद।** एयर टिकट बुकिंग के नाम पर 1 लाख 37 हजार की ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विपुल पुत्र संजय सूरा निवासी गांव बुगाना जिला हिसार के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी रोहताश कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी जांडवाला बागड़ को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को गांव जांडवाला बागड़ निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 20 सितंबर 2024 को उसका दोस्त भिवानी निवासी रविंद्र का उसके पास फोन आया। उसने कहा कि उसे कनाडा जाने के लिए ऑनलाइन एयर टिकट बुक करवानी है। उसने कहा कि तुम टिकट बुक करवा दो।


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी विपुल।

### छीना झपटी मामले में तीन युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक व्यक्ति से छीना झपटी करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को भूना रोड, रतिया से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से छीनी गई नकदी में से 2500 रुपये, एक मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग किए गए एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान लवप्रीत उर्फ प्रीत पुत्र जीत सिंह निवासी चिम्मो, मनप्रीत सिंह उर्फ मूला निवासी नथवान व जरनैल सिंह पुत्र सुक्खा सिंह निवासी चिम्मो के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 मई को गांव भड़ोलांवाली निवासी ओमप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### प्रशिक्षण | भट्टूकलां कॉलेज में सिविल डिफेंस शिविर का किया आयोजन

## विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार व अग्निकांड के समय राहत-बचाव कार्यों की दी जानकारी

महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी, कैडेट्स और वॉलिंटियर्स ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में एक दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह, होमगार्ड के प्लाटून कमांडर एवं फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार तथा एसआई राजेश कुमार बूमरा ने प्रशिक्षणकर्ताओं के रूप में भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निकांड के समय राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स,.स तथा क्षेत्र के युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयार करना और उन्हें जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।



भट्टूकलां। कॉलेज में सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग देते जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मास्टर ट्रेनर। फोटो : हरिभूमि

### सिविल डिफेंस की भूमिका महत्वपूर्ण

प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि सिविल डिफेंस और स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका केवल आपदा के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य जीवन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी सजग बनाते हैं। प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी, कैडेट्स और वॉलिंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल, प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह, जेआरसी कॉर्डिनेटर अनिल इंदल, अमित कुमार, प्रिंसीपल डॉ. सुभाष सिहाग, डॉ. सतीश, विजयवीर, विनोद कुमार, अनिल कुमार, हरिश कुमार, प्रियंका, शीला, राजेश बुमरा सहित कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### हेरोइन सहित युवकों को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने मंडी डबवाली क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों को 20.11 ग्राम हैरोइन व 3100 रुपए ड्रग मनी सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई पालाराम पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गोल चौक मंडी डबवाली मौजूद थे। इस दौरान उनको विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि कुलबीर सिंह उर्फ खंड व हरविंद्र सिंह उर्फ हैरी दोनों अपने बगैर नंबर प्लेट के बाइक पर हैरोइन लेकर मलोट रोड पुल के नीचे रेलवे लाइन पार खड़े है। एएसआई ने साथी कर्मचारियों के साथ सूचना के अनुसार बताए स्थान मलोट रोड पुल के नीचे पहुंचे तो दो युवक बिना नंबर प्लेट के बाइक पर बैठे दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को काबू करके उनकी बाइक सहित तलाशी ली गई तो बाइक के हैंडल में टंगे हुए थैले में पारदर्शी पन्नी में 20.11 ग्राम हैरोइन के साथ थैले में ड्रग मनी 100/100 के करेंसी नोट कुल 3100 रुपए बरामद हुए।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने पेंटिंग्स से दर्शाया सेना का शौर्य

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अली मोहम्मद में ऑपरेशन सिंदूर सेना के शौर्य को समर्पित कार्यक्रम के अंतर्गत कला अध्यापक सेवक दास ने सेना के शौर्य, बहादुरी, साहस को समर्पित चित्रकला बनवाई। प्राचार्य भूप सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना को विकसित करते हैं। इस अवसर पर सतपाल, दीवान सिंह, अनूप सिंह, कुलदीप सिंह, सेवक दास, मनदीप सिंह, मुनेश कुमार, विकास कुमार, रोहतास, राकेश, ममता, शिप्रा, सरला देवी, देवेंद्र कौर, सुमन रानी, अंजू, वीना रानी, सरिता रानी, मनदीप, वीरपाल कौर, अनु आदि मौजूद थे।

### शिकायतों का तुरंत समाधान करें : सरीन

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए, वहीं उपमंडल स्तरीय समाधान शिविरों में संबंधित एसडीएम ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविरों में कुल 18 शिकायतें आई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विभाग समाधान शिविर में अपनी समस्याओं यथाशीघ्र निपटान करना सुनिश्चित करें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है।

### अश्लील मैसेज भेजने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बैंक में काम करने वाली एक युवती को अश्लील मैसेज भेजकर परेशान करने के मामले में टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विकास पुत्र राजमल निवासी अमरगढ़, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 मई को गांव साधनवास निवासी एक युवती की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह टोहाना के बैंक में काम करती है। कुछ दिन पहले उसने शिकायत दर्ज करवाई थी कि एक लडक़ा उसे बहुत परेशान करता है। उसे मानसिक तौर पर तंग कर रहा है। युवक का नाम विकास नैन निवासी अमरगढ़ बताया गया था। इसके बाद पारिवारिक समझौते के चलते कुछ दिन बाद उसने रजामंदी के बाद अपनी शिकायत वापस ले ली थी। युवती ने आरोप लगाया कि इसके एक दिन बाद ही उक्त युवक उसे दोबारा परोशान करने लगा है। पुलिस जांच में जुटी है।

## गुरुद्वारा श्री झाड़ साहब में नशा मुक्ति कार्यक्रम

# नशे के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा: बाबा ब्रह्मदास

■ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' मुहिम के तहत गुरुद्वारा श्री झाड़ साहब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले गुरूद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। कार्यक्रम में डेरा बाबा भूमणशाह के संत बाबा ब्रह्म दास व संत बाबा जगतार सिंह कार सेवा वाले ने भी पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में एससी आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, डीएसपी संजय सिंह, द्वारका प्रसाद, जगदीश शर्मा, विजय गोयल, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी सिंह ने आए हुए अतिथियों व लोगों का स्वागत किया। डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि नशे के खिलाफ हमें एकजुट होकर खड़ा होना होगा। संत बाबा जगतार सिंह कार सेवा वाले ने कहा कि नशा एक अभिशाप है और यह हमारी भावी पीढ़ी को खत्म कर रहा है इसलिए आज गुरु महाराज के आशीर्वाद से उपस्थित जनसमूह ने यह बता दिया कि हम नशे को जड़ से खत्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने भवानी सिंह व महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की सराहना करते हुए लोगों से इस मुहिम से जुडऩे की अपील की। एससी आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि नशे के खिलाफ हमें स्वयं जागरूक होना होगा और अपने परिवार सहित अपने आस पास के लोगों को इस नशे के खिलाफ जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि यह चिट्टा नशा नशेड़ी ही नहीं बल्कि उसके परिवार सहित समाज को खत्म कर रहा है इसलिए हमें नशा बेचने वालों का डटकर विरोध करना होगा।

उन्होंने भवानी सिंह व उनकी टीम को बधाई दी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि नशे के खिलाफ इस मुहिम से बड़ा कोई और पुण्य काम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि विवाह शादी सामाजिक कार्यक्रमों में नशे के विरुद्ध शपथ दिलवानी चाहिए। उन्होंने कहा भवानी सिंह का यह प्रयास सर्वसमाज के लिए एक वरदान साबित होगा। डीएसपी संजय सिंह ने कहा कि नशे के विरुद्ध पुलिस अपना कार्य कर रही है लेकिन जिस तरह से समाज के लोग जन आंदोलन की तरह कार्य कर रहे हैं व पुलिस प्रशासन को नशा तस्करों की जानकारी बोलकर दें, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।



**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में बाबा ब्रहमदास को सम्मानित करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के भवानी सिंह व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### नशा बेचते मिलने पर लगाएंगे 5 लाख रुपये जुर्माना : भवानी सिंह

भवानी सिंह ने कहा कि वीर शहीदी दिवस के दिन नशे के विरूद्ध शुरू की गई इस मुहिम में प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में लोग जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही नशे के खिलाफ हर छोटे गांव में 11 सदस्यीय व बड़े गांव में 21 सदस्यीय टीमों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हमारे गांव सुरक्षित है तो वह दिन दूर नहीं जिस दिन फतेहाबाद जिला संपूर्ण नशा मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के गर्त से बचाने के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट दिन प्रतिदिन कार्य कर रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की वह निसंकोच होकर नशे बेचने वालों की जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाएं ताकि इन लोगों को समझाकर मुख्यधारा में वापस लाया जा सकें। उन्होंने कहा नशा नाश का दूसरा नाम है।

## बिजली संबंधी मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

संयुक्त किसान मोर्चा ने बिजली निगम से संबंधित अपनी मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से सीएम के नाम नायब तहसीलदार रोहित कौशिक को ज्ञापन दिया है। इस दौरान किसान नेता लाभ सिंह सहित अनेक किसान संगठनों पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आदेश जारी किए गए थे कि कृषि क्षेत्र में जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन का लोड बढ़ाना है वो उपभोक्ता अपने कागज व राशि निगम कार्यालय में जमा करवाए। इस पर जिन किसानों को जरूरत थी उन किसानों ने तय राशि जमा करवा दी है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि अब निगम द्वारा लोड के अनुसार ट्रांसफॉर्मर बदलने का कार्य शुरू करने से पहले मौखिक आदेश जारी कर दिए गए कि जिस ने भी अपना ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट करवाना है तो पुराना ट्रांसफार्मर खोलकर निगम कार्यालय में जमा करवा दे उसके बाद नया ट्रांसफॉर्मर लेकर जाए और फिट करवा ले जबकि यह सारा कार्य निगम का है। इस अवसर पर मुन्शी राम, गुरदयाल सिंह ढेर, होशियार सिंह, मछिन्दर सिंह कन्हड़ी, बलजीत सिंह संधू, तरसेम डूल्ट व अन्य मौजूद रहे।



**टोहाना।** सीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान नेता।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**फतेहाबाद।** जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप के नेतृत्व में जाखल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, ट्रैफिक नियमों के महत्व तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना था। जाखल पुलिस टीम द्वारा छात्रों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन न करने से न केवल जान का खतरा होता है, बल्कि यह कानून का उल्लंघन भी है। पुलिस टीम ने बदलते डिजिटल युग में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए छात्रों को सतर्क रहना चाहिए।

## उपायुक्त ने बाढ़ से बचाव कार्यों की समीक्षा की, ड्रेनों की सफाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में बाढ़ से बचाव कार्यों से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिले में बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बैठक के दौरान सिंचाई विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जिले के सभी ड्रेनों और नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, सभी पम्प हाउसों की जांच करके यह सुनिश्चित किया जाए कि वे वर्किंग में हों। उन्होंने सीईओ जिला परिषद, नगरायुक्त, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि आपसी तालमेल कर आगामी बरसाती सीजन के मद्देनजर बाढ़ से बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाए। समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण हो। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि जिला में जहां भी रिंग बांध बनाए जाने हैं, उन कार्यों में तेजी लाते हुए पूरा किया जाए। इसके साथ ही गांवों में आवश्यक उपकरणों, खाद्य सामग्री, दवाइयों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नीचले इलाकों में जहां बरसाती पानी इक_ा होता है, उन क्षेत्रों में बाढ़ के पानी को निकालने के लिए नालों और पाइपों के जरिए निकासी होनी चाहिए।

## नर्सिंग स्कूल में हुआ लेंप लाइटनिंग समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

लॉर्ड शिवा स्कूल ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटंनिग समारोह आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि संस्था के महानिदेशक देशकमल बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर नर्सिंग प्रिंसिपल मधु बिश्नोई ने सत्र 2024-25 में दाखिला लेने वाली छात्राओं को शपथ दिलवाई।

मुख्यातिथि ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी छात्राओं को फलोरेंस नाईटेंगेल के कदमों पर चलते हुए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी व सेवा भाव के साथ मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में भी हमारी नर्सिंग छात्राएं मरीजों की सेवा करने में आगे रही हैं। प्राचार्य डॉ. मधु बिश्नोई ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे नाईटेंगेल प्रतिज्ञा को अपने जीवन में उतारें और समाज की सेवा करें। कार्यक्रम के दौरान एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भांगड़ा, हरियाणवी डांस व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किए जिन्हें सभी ने सराहा। जीएनएम में मिस फ्रेशर मुस्कान व मिस पर्सनेलेटी पायल कंबोज रही।

वहीं एएनएम में मिस फ्रेशर संगीता एवं मिस पर्सनेलेटी का खिताब कोमल को मिला। संस्था के महासचिव एडवोकेट सोमप्रकाश बिश्नोई ने कहा कि नर्सिंग एक नोबेल प्रोफेशन है।



**सिरसा।** शपथ लेती छात्राएं।

जसवंत कसवां बने कसवां खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## पनिहार चक में हुआ कसवां खाप का महाधिवेशन

### केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने खाप सम्मेलन में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

अखिल भारतीय कसवां खाप का 7वां महाधिवेशन हिसार जिला के गांव पनिहार चक में संपन्न हुआ। इसमें जसवंत सिंह कस्वां को खाप का राष्ट्रीय अध्यक्ष की पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि महाधिवेशन में कसवां खाप के संरक्षक एवं पूर्व सांसद राम सिंह, सह संरक्षक एवं विधायक रणधीर पनिहार व खाप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों एवं राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, गुजरात,चण्डीगढ़, दिल्ली के कसवां खाप के प्रदेश अध्यक्षों सहित देश भर से कसवां गोत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस समारोह में कसवां खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत सिहं कसवां ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर इस्तीफा खाप के संरक्षक व सह संरक्षक को सौंपा। खाप के संरक्षक व सह संरक्षक ने सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य सदस्यों से विचार-विमर्श के बाद एक बार फिर जसवंत सिंह कसवां रानियां को अखिल भारतीय कसवां खाप का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। खापों की परम्परा अनुसार पगड़ी पहनाकर जसवंत सिहं कसवां को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया और साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश अध्यक्षों के मनोनयन का पुरा अधिकार दिया। इस अवसर पर कसवां खाप द्वारा सर्व समाज के भाईचारे को जोडऩे व जनहित में कार्यों के प्रति किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए हरियाणा सरकार के नुमाइंदे के रूप में के केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने खाप सम्मेलन में शिरकत की और खाप कार्यों की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने खाप द्वारा जनहित के प्रयासों को सराहा।



**सिरसा।** पगड़ी पहनाकर जसवंत सिंह कसवां का स्वागत करते खाप के पदाधिकारी।

## ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का झांसा देकर क्लर्क से 88 हजार ठगे, केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का लालच देकर साइबर ठग ने जेल विभाग में कार्यरत क्लर्क से 88 हजार 805 रुपये हड़प लिए। पैसे ट्रांसफर होते ही आरोपी ने क्लर्क का न तो फोन उठाया और बाद में उसका नंबर ही ब्लॉ कर दिया। इस बारे पीड़ित युवक ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में गुरूवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने क्लर्क की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाढोड़ी निवासी गुरसेवक सिंह पुत्र जगरूप सिंह ने कहा कि वह जेल विभाग पंचकूला में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। 18 मई को उसके मोबाइल नंबर पर व्हाटसएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि अगर वह ट्रेडिंग करना चाहता है तो वह उसको ट्रेडिंग करवा कर अच्छा प्रोफिट दिला सकता है। इस पर उसने ट्रेडिंग करने के लिए हां कर दी। इसके बाद उसे एक यूपीआई आईडी दी और उस पर ट्रेडिंग शुरू करने के लिए 88 हजार 805 रुपये भेजने को कहा। गुरसेवक ने बताया कि उसने अपने गूगल-पे नंबर से 88 हजार 805 रुपए बताई गई यूपीआई आईडपी पर ट्रांसफर कर दिए। गुरसेवक ने कहा कि इसके बाद जब उसने उक्त नंबर पर कॉल की तो न तो उसका फोन उठाया और न ही उसे कोई जवाब दिया बल्कि उसका नंबर भी ब्लाक कर दिया। इसके बाद उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर स्कूली छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

■ आर्यन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता पर आर्यन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग से वनराजिक अधिकारी यशवीर सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में वनराजिक अधिकारी यशवीर सिंह ने राज्य सरकार द्वारा संचालित प्राण वायु देवता पेंशन योजना, पौधागिरी व कृषि वानिकी के तहत क्लोन सफेदे तथा वन विभाग की अन्य स्कीमों के बारे में जानकारी दी।

हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की जिला समन्वयक भारती अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड जैव विविधता के संरक्षण के लिए काम कर रहा है। पूरे हरियाणा में जैव विविधता के संरक्षण के लिए जैव विविधता प्रबंधन समितियों का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि हर साल 22 मई को जैव विविधता दिवस बनाया जाता है जिसका मकसद जैव विविधता के बारे में सबको जागरूक और सचेत करना होता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के साथ जीव-जंतुओं का इस धरती को जीवन योग्य बनाने में बहुत योगदान है इसलिए गर्मी के मौसम में हर नागरिक को यह कोशिश करनी चाहिए कि पशु -पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने जैव विविधता दिवस का थीम-प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास पर सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई और बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता और जैव विविधता पर नाटक और समूह नृत्य, कविता के माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें हरलीन कौर प्रथम, मीनल रानी द्वितीय, मिहिका तृतीया रही। भाषण, कविता, नाटक, समूह नृत्य, पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी बच्चों को हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की तरफ से स्मृति चिह्न दिए गए। इस दौरान जैव विविधता संरक्षण को बचाने की शपथ ली गई।

गांव भंभूर में अध्यापक के साथ मारपीट

## छात्र को अजीबोगरीब कटिंग पर टोका, पिता व अन्य ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला के गांव भंभूर में एक प्राइवेट स्कूल अध्यापक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्कूल प्रिंसीपल की शिकायत पर छात्र सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्कूल प्रिंसिपल अरूणा कुमारी ने बताया कि भंभूर निवासी पवन कुमार का पुत्र उनके स्कूल में नौंवी कक्षा का छात्र है। वह अजीबोगरीब कटिंग करवाकर स्कूल आया तो स्कूल टीचर सुनील कुमार ने उसे टोका। शिकायत में बताया कि अगले दिन छात्र अपने पिता पवन कुमार, कमल, मोहित, मुकेश, रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल पर स्कूल आया। आरोपियों ने स्कूल के प्रथम तल पर क्लास रूम में जाकर टीचर सुनील कुमार के साथ मारपीट की। टीचर सुनील कुमार के शोर मचाने पर वह और उसके पति रमेश कुमार बीचबचाव करने गए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। उसका बेटा निखिल और स्कूल टीचर गीता, किरण, मीनू जब बीचबचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने टीचर सुनील कुमार को गांव भंभूर छोड़ जाने के लिए कहा और जान से मारने की धमकी दी। सहयोगियों ने उसे व अन्य स्टॉफ को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया।

### विदेश भेजने के नाम पर 8.80 लाख की ठगी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के पुरानी हाऊसिंग बोर्ड निवासी एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर 8.80 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक सैनी ने बताया कि वह अनाज मंडी में दुकान करता है। उसने बताया कि उसने 2024 में आरोपी मुकेश सैनी संचालक दिव्या इमीग्रेशन, बस स्टैंड के पीछे, लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र का सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा। उसने पूछताछ की तो मुकेश सैनी ने बताया कि वे विदेश में काम करने वाले जरूरतमंदों को पक्के तौर पर वर्क परमिट दिलाने का कार्य करते हैं। उसने उस विज्ञापन पर विश्वास करते हुए उसमें दिए गए नंबर पर उक्त इमीग्रेशन कंपनी के संचालक मुकेश सैनी से बात की और उसे व उसकी पत्नी को वर्क परमिट दिलाने के लिए कहा। मुकेश सैनी ने दीपक को कहा कि वह उसे व उसकी पत्नी को क्रोएशिया देश का वर्क परमिट दिलवा देगा, जिसके लिए उसे दोनों के 9-9 लाख यानि कुल 18 लाख रुपए देने होंगे। उसने मेरी जाति का होने के नाते उस पर विश्वास करते हुए उसे हमारे डाक्यूमेंटस भेज दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

कार्यक्रम | 20 जून को होगी पायलट रिहर्सल व बाल भवन से स्टेडियम तक होगी मैराथन का आयोजन होगा

# सिरसा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही उपमंडल व खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तर पर 21 जून को सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा।अतिरिक्त उपायुक्त ने योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी प्रबंधों व व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपते हुए उन्हें जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की।



**सिरसा।** योग दिवस को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी।

### एडीसी ने अधिकारियों की ली बैठक

*योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 20 जून को पायलट रिहर्सल में योग प्रोटोकॉल क्रियाओं की रिहर्सल की जाएगी। इसी दिन पहले योगा मैराथन भी होगी। मैराथन प्रातः 6 बजे होगी, जोकि बाल भवन से प्रारंभ होगी और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी योग मैराथन की सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे।*

### विश्व को एकता के सूत्र में पिरोयगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मूल मंत्र 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य': अनिल

**फतेहाबाद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव मानावाली स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में पूर्व प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार व जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। योग प्रोटोकॉल अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि इस बार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' है, जोकि पूरी दुनिया के लिए बहुत बड़ा संदेश है। वैश्विक पटल पर यह महत्वपूर्ण सुझाव है जो पूरी दुनिया में एक नई सोच, समझ व सामंजस्य पैदा करने का आह्वान करता है। इसका सामथ्र्य केवल भारत देश ही कर सकता है जिसने अपनी ऋषि मुनियों से विरासत में मिली गौरवशाली संस्कृति को संजो रखा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग के अत्यधिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने वाला एक महत्वपूर्ण वैश्विक अनुष्ठान बन गया है। इस दिन को मनाने से दुनिया भर में लोग एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, आंतरिक सद्भाव विकसित करने और अपने और अपने आसपास की दुनिया के साथ जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।